THE hans FOUNDATION
HOSPITALS
Health For All



Health for all

# Reflections

Hans Hospital, Haridwar | Hans Hospital, Satpuli

APRIL 2025

## WELCOME TO THE APRIL EDITION OF OUR EMPLOYEE NEWSLETTER,

प्रिय पाठकों,
नमस्कार!

गर्मियों की हल्की दस्तक के साथ हम लेकर आए हैं मई न्यूज़लेटर का एक नया संस्करण, जिसमें हम आपके साथ साझा कर रहे हैं अप्रैल महीने की खास उपलब्धियाँ, यादगार पल और प्रेरणादायक कहानियाँ।
यह न्यूज़लेटर केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि हमारा प्रयास है आपसे हमारे हर कदम को साझा करने का — क्योंकि आप भी इस यात्रा का अभिन्न हिस्सा हैं।
आइए, मिलकर गर्व करें इस बीते महीने पर, और तैयार हों नए संकल्पों व ऊर्जा के साथ अगले कदम के लिए।







# Contents

# REFLECTIONS

## April 2025

1. Operational & Clinical Highlights, Hans Hospital Haridwar
2. Operational & Clinical Highlights, Hans Hospital Satpuli
3. Patient Stories of Triumph
4. Employee Spotlight
5. Shining Stars
6. Community Engagement and Outreach
7. Life Beyond Work
8. Medical Facts and Trivia
9. Welcome Aboard
10. Newsletter Contest



# Operational & Clinical Highlights

## Hans Hospital, Haridwar

**21,780**

TOTAL OPD

Ophthalmology : 19,919
ENT : 759
Internal Medicine : 618
General surgery : 0
Orthopedics : 484

**1,325**

SURGERIES

Ophthalmology Surgeries : 1313
Orthopedics : 8
General surgery : 0
ENT Surgeries : 4

Hans Haridwar's **12 ENT surgeries** performed at Satpuli. These surgeries are not added in Hans Haridwar surgeries.

**99%**

PHACO SURGERIES THIS MONTH & 1% SICS

**77%**

NEW PATIENT% THIS MONTH

Painless surgery has considerably impacted the patient experience.

**2,703**

OPTICAL DISPENSING THIS MONTH

**67%**

OPTICAL CONVERSION% THIS MONTH

**11,532**

PHARMACY DISPENSING THIS MONTH

**65%**

PHARMACY CONVERSION% THIS MONTH




# Operational & Clinical Highlights

## Hans Hospital, Satpuli

**12,123**

TOTAL OPD

Internal Medicine : 2641
Opthalmology : 2285
General Surgery : 931
Orthopedics : 1076
Obstetrics & Gyne : 237
Dental : 499
Pediatrics : 216
ENT : 466
Outreach : 246
Physiotherpahy : 543
Kotdwar Clinic : 2983

**1,118**

SURGERIES

Ophthalmology : 927
General Surgery : 119
Orthopedics : 31
Obstetrics & Gyne : 6
ENT : 33
Dental : 2

**2,287**

RADIOLOGY

X-Ray : 988
ULTRASOUND : 955
CT Scan : 344

**37%**

NEW PATIENT%
THIS MONTH

**Painless surgery has considerably impacted the patient experience.**

**1,382**

TOTAL ADMISSIONS

Ophthalmology : 952
General Surgery : 120
Internal Medicine : 208
Orthopedics : 40
Obstetrics & Gyne : 13
Pediatrics : 15
ENT : 34

**305**

EMERGENCY FOOTFALLS

**274**

DIALYSIS

**9**

TOTAL DELIVERIES

# नया कीर्तिमान

## जनरल सर्जरी - हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल, सतपुली

# बधाई हो!

## डॉ. सुदीप एवं टीम







हंस फाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल, सतपुली के जनरल सर्जरी विभाग ने अप्रैल महीने में सर्वाधिक **119 सर्जरीज़**, जिनमें से **71 लेप्रोस्कोपिक सर्जरीज़** थीं, सफलतापूर्वक कर नया कीर्तिमान स्थापित किया हैं।

पूरे द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल परिवार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई!

# Patient Story of Triumph

### General Surgery - Hans Hospital, Satpuli

## EXCISION OF SINUS WITH LIMBERG MYOCUTANEOUS TRANSPOSITION FLAP RECONSTRUCTION



Before Surgery



Sinus Removed



After Surgery

**24 वर्षीय अंकित भट्ट** पिछले एक वर्ष से **पिलोनिडल साइनस** की समस्या से पीड़ित थे। **लगातार दर्द, सूजन और संक्रमण** ने उनके दैनिक जीवन को अत्यधिक कठिन बना दिया था। कई स्थानों पर उपचार कराने के बावजूद उन्हें कोई स्थायी राहत नहीं मिली। **अंत :** उन्होंने **15 अप्रैल 2025** को **हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल, सतपुली** में भर्ती होकर उपचार कराने का निर्णय लिया।

उनकी स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, हमारे विशेषज्ञ **जनरल एवं प्लास्टिक सर्जन डॉ. सुदीप कुमार देव** ने उनका मूल्यांकन किया और **दो चरणों में सर्जरी** की योजना बनाई, जिसे **16 अप्रैल 2025** को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह संपूर्ण ऑपरेशन **लगभग 1.5 घंटे** में सम्पन्न हुआ।

सर्जरी के पहले चरण में पूरे **साइनस ट्रैक्ट** को गहराई तक एक्साइज कर, संक्रमित ऊतकों को पूर्णत : हटा दिया गया। यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से स्टरलाइज़्ड वातावरण में की गई ताकि भविष्य में संक्रमण का कोई खतरा न रहे। सर्जरी के दूसरे चरण में, **डॉ. सुदीप कुमार देव** ने प्रभावित क्षेत्र को स्किन फ्लैप तकनीक की मदद से पुनर्निर्मित किया। घाव को इस प्रकार सिलाई की गई कि यह शीघ्र भर सके और समस्या की पुनरावृत्ति की संभावना समाप्त हो। साथ ही, एक ड्रेनेज ट्यूब लगाई गई जिससे आंतरिक डिस्चार्ज बाहर निकल सके और रिकवरी तेज़ हो।

इस सफल ऑपरेशन में जहाँ **डॉ. सुदीप कुमार देव** की विशेषज्ञता अहम रही, वहीं हमारी **एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रमिला कैथरीन** तथा समर्पित **ओटी तकनीशियन टीम — सोनू, राहुल, विजय, हेमंत, नेहा, शीतल और गौरव** — का भी विशेष योगदान रहा।

**मरीज़ अंकित भट्ट को 23 अप्रैल 2025 को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। उन्होंने राहत और आभार की भावना के साथ अस्पताल तथा हमारे जनरल सर्जन डॉ. सुदीप देव का धन्यवाद किया।**

# Patient Story of Triumph

**General Surgery - Hans Hospital, Satpuli**

## अन्वेषणात्मक लैपरोटॉमी (EXPLORATORY LAPAROTOMY)



Left Irreducible Inguinal Hernia Before Surgery



Intestines separated from the testis



Intestines repositioned safely into the abdominal cavity



After Surgery



Patient after successful surgery Dr. Sudeep & OT Team with patient

**हेमंत सिंह, 22 वर्षीय युवक** जो **नेपाल निवासी** हैं, बचपन से ही **बाईं ओर हर्निया** की समस्या से पीड़ित थे। समय पर इलाज न होने के कारण उनकी समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती गई, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें पेट में तेज दर्द, सूजन और बार-बार उल्टी की शिकायत रहने लगी।

दिनांक **28 अप्रैल 2025** को जब उन्हें तेज पेट दर्द और लगातार उल्टियों के साथ हमारे आपातकालीन विभाग में लाया गया, तो **वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुदीप कुमार देव** द्वारा की गई जाँच में यह स्पष्ट हुआ कि हर्निया अब बाएं ओर का **अपरिवर्तनीय अंडकोषीय हर्निया (Left Irreducible Inguinal Hernia)** में बदल चुका था, जिसमें **आंतें और अंडकोष उलझ** गए थे। यह एक जानलेवा स्थिति हो सकती थी, अत: तुरंत सर्जरी की आवश्यकता थी।

मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत ऑपरेशन थिएटर में स्थानांतरित किया गया, जहाँ आपातकालीन सर्जरी के अंतर्गत बाएं अंडकोषीय क्षेत्र की **अन्वेषणात्मक लैपरोटॉमी (Left Inguino-Scrotal Region Exploration with Exploratory Laparotomy)** की गई, जिसमें आंतों को अंडकोष से सुरक्षित रूप से अलग कर पुनः पेट में रखा गया।

सर्जरी पूरी तरह सफल रही और **हेमंत अब तेजी से स्वस्थ** हो रहे हैं। उन्हें **3 मई 2025** को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस सफलता का श्रेय जहाँ एक ओर **डॉ. सुदीप कुमार देव** की विशेषज्ञता को जाता है, वहीं **एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. प्रमिला कैथरीन** और हमारी समर्पित **ऑपरेशन थिएटर टीम** के समन्वित प्रयासों को भी जाता है।

**यह सर्जरी न केवल हमारी चिकित्सा टीम की दक्षता को दर्शाता है, बल्कि हमारी आपातकालीन सेवाओं की तत्परता और प्रभावशीलता का भी प्रमाण है।**

# Employee Spotlight

## Recognizing Our Healthcare Heroes



## SHALINI CHAUHAN

**Deputy Manager - Operations**
**The Hans Foundation Hospital, Haridwar**

### PROFESSIONAL JOURNEY

My professional journey has been shaped not just by hard work and continuous learning, but also by my passion for exploring new places. I love traveling to the mountains and discovering new destinations—getting to know their culture and people.

After completing my M.Com, I was unsure of which path to take. I started my career in healthcare as an admin, and gradually developed a deep interest in hospital work and operations. Over time, I took on various roles—from front office, TPA, and counselling, to now being in operations. Each role has taught me something valuable, and that learning has shaped who I am today.

### WHY I CHOSE THIS CAREER

It wasn't a planned choice—it just happened. But once I stepped into the hospital environment, I knew I wanted to grow here. The energy, the purpose, and the impact we create each day kept me going, and I never looked back.

### GETTING TO KNOW SHALINI CHAUHAN

### FAVOURITE FOOD

Jackfruit, Bhindi, Kadai Paneer, and white sauce pasta.

### FAVOURITE GETAWAY PLACE

Kochi and Singapore—both offer a beautiful mix of peace and discovery that I enjoy.

## WHAT I LIKE MOST ABOUT THE HANS FOUNDATION HOSPITALS

I come from a close-knit family where we support each other unconditionally. My parents have always encouraged me to work hard and stay grounded. We share a strong bond and truly enjoy spending time together, especially during holidays and family gatherings.

## ABOUT MY FAMILY

I come from a close-knit family where we support each other unconditionally. My parents have always encouraged me to work hard and stay grounded. We share a strong bond and truly enjoy spending time together, especially during holidays and family gatherings.

## MY SOURCE OF INSPIRATION & ROLE MODEL

My mother is my greatest inspiration. She's not just a parent—she's my first teacher, my biggest strength, and the real hero in my life. She's taught me how to face challenges with courage, to care for others without expecting anything in return, and to keep rising no matter how tough life gets. Her patience, her sacrifices, and her endless love inspire me every single day.

## FAVORITE PASTIME

I enjoy going on long rides and drives—just me, the road, and my thoughts.

## A PROUD MOMENT IN MY LIFE

One of the proudest moments of my life was starting my career. I remember those early days of learning, one step at a time. Over the years, with constant effort and determination, I've grown—and seeing my family proud of me today is truly fulfilling. It gives me the motivation to keep going and keep improving.



# Shining Stars
## April

With over two years of service, Vikas is a key member of the Outreach Team at The Hans Foundation Hospital, Haridwar. As an Optometrist, he plays a crucial role in bringing essential eye care services to remote communities. His fieldwork reflects passion, commitment, and the spirit of healthcare accessibility.



**Vikas Gusain**
**Optometrist**
**Hans Hospitals, Haridwar**

Himanshu has been serving as an Optometrist in the Eye Department at The Hans Foundation General Hospital, Satpuli since 2023. Known for his dedication and precision in patient care, Himanshu consistently upholds the hospital's commitment to quality eye care. His calm demeanour and attention to detail make him a valued team member.



**Himanshu Bhatt**
**Optometrist**
**Hans Hospitals, Satpuli**

***Congratulations to Vikas & Himanshu for being chosen as our Shining Stars!***

# Community Engagement and Outreach

## Making a Difference Together



### न्यायालय परिसर, पौड़ी में जनरल हेल्थ कैम्प

22 अप्रैल 2025 को द हंस फ़ाउंडेशन जनरल हॉस्पिटल, सतपुली की ओर से जिला न्यायालय परिसर, पौड़ी में एक विशेष जनरल हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में हमारे डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और ऑप्टोमेट्रिस्ट्स ने न्यायिक कर्मचारियों व आम जनता को निःशुल्क परामर्श, दवाइयां, और चश्मे प्रदान किए। इस सामुदायिक पहल ने स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा से जोड़ा और सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया।



### बिजनौर में शुरू हुए नियमित स्वास्थ्य शिविर

द हंस फाउंडेशन अस्पताल, हरिद्वार ने अब बिजनौर ज़िले में भी नियमित स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत कर दी है। यह पहल हमारे आउटरिच विज़न का हिस्सा है, जिसमें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना मुख्य उद्देश्य है। प्रतिदिन हमारी टीम बिजनौर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को निःशुल्क परामर्श, स्वास्थ्य जांच और ज़रूरी उपचार प्रदान करती है।

# Life Beyond Work

## Hans Hospital, Haridwar

### लाक्पा (ऑप्टोमेट्री) – भाई सोनम की शादी!



17 अप्रैल को उत्तरकाशी में लखपा ने अपने भाई सोनम की पारंपरिक रीत-रिवाजों से सजी शादी में भाग लिया। यह अवसर न केवल परिवार के लिए भावनाओं से भरा रहा, बल्कि लखपा के लिए भी एक खास लम्हा था—जहां उन्होंने हर रस्म में खुद को और अपनी बेटी को सादगी और सुंदरता के सबसे खास अंदाज़ में सजाया-संवारा। यह दिन यादगार पलों और आत्मीय रिश्तों की गर्माहट से भरपूर रहा।

### नंदिनी (EC1) देहरादून की खुशियों से भरी शादी!



29 अप्रैल को नंदिनी ने अपने भाई विशाल की शादी में पूरे परिवार के साथ मिलकर ढेर सारी खुशियां मनाईं। रिश्तों की मिठास और फोटोज़ की झिलमिलाहट ने इसे खास बना दिया।

### कामिनी (नर्सिंग) – मुंबई के सपने!



कामिनी ने अपने पति के साथ मुंबई की सैर की—जुहू बीच की लहरें और सिद्धिविनायक मंदिर का आशीर्वाद। सफर भले ही छोटा था, लेकिन यादें जीवन भर की बन गईं।

### दामिनी (TPA) – बेटी का जन्मदिन!



दामिनी ने 18 अप्रैल को अपनी प्यारी बेटी तानुषी का तीसरा जन्मदिन बड़े प्यार से मनाया। केक, गुब्बारे और परिवार की हंसी—हर लम्हा एक यादगार खुशी बन गया।

### मनवेंद्र सिंह (SCM) – ऑफिस में बर्थडे धमाल!



12 अप्रैल को मनवेंद्र सिंह का जन्मदिन SCM टीम ने मिलकर छोटे से जश्न के साथ इसे यादगार बना दिया। ढेर सारी शुभकामनाओं, मुस्कुराहटों और स्वादिष्ट केक के साथ यह दिन एक खूबसूरत याद बन गया ।

### अंकित (नर्सिंग) – त्रियुगी नारायण में पारंपरिक रंग!



अंकित ने 14 अप्रैल को अपने भाई अंबर की शादी में भाग लिया—त्रियुगी नारायण जैसे पवित्र स्थल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों और प्राकृतिक सुंदरता ने इस पल को अविस्मरणीय बना दिया।

## मीनू और बब्लू (F&B) – मां वैष्णो देवी के दरबार में!



22 अप्रैल को मीनू और बबलू अपने परिवार के साथ मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गए। यह यात्रा, जो आस्था और भक्ति से भरी थी, उन्हें आंतरिक शांति और ऊर्जा प्रदान कर गई।

## हिमांशु (F&B) – बहन की शादी में!



13 अप्रैल को हिमांशु (F&B) की बहन की शादी थी, जिसमें उन्होंने पूरे उत्साह और भावनात्मक जुड़ाव के साथ हर रस्म को निभाया और इस खास दिन को परिवार संग खूब एन्जॉय किया।

## काजल (ऑप्टोमेट्री) – सहारनपुर की शादी की शान!



काजल ने 18 अप्रैल को अपने भाई दर्शन की शादी में पूरे दिल से हिस्सा लिया। संगीत से लेकर बारात तक, हर रस्म में उनका उत्साह सबसे आगे रहा, जो हर पल को यादगार बना गया।

# Life Beyond Work

## Hans Hospital, Satpuli

### एक नई शुरुआत – महेन्द्र की शादी!



आई विभाग के लिए अप्रैल का महीना सिर्फ मरीजों की देखभाल तक सीमित नहीं रहा — हमारे सीनियर स्टाफ नर्स, महेन्द्र जी, ने 25 अप्रैल को हल्द्वानी में विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। टीम के कई साथियों ने शादी में शामिल कर नवविवाहित जोड़े को ढेरों शुभकामनाएं दीं। पारंपरिक रीतियों, खुशियों और ढोल-नगाड़ों के बीच यह शादी एक यादगार पल बन गई, जिसे सभी लंबे समय तक याद रखेंगे।

### डॉ. नितिन की नई शुरुआत — रोहतक में





हमारे नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन ने 16 अप्रैल को रोहतक, हरियाणा में विवाह कर अपने जीवन की नई शुरुआत की। कई साथियों ने इस खास दिन में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। सादगी, गरिमा और आत्मीयता से भरी यह शादी बिल्कुल उनके व्यक्तित्व जैसी थी — शांत, परिपक्व और सुंदर।

### गौरव की गोपेश्वर वाली शादी






आई ओटी टेक्नीशियन गौरव की शादी 13 अप्रैल को सुंदर पहाड़ी शहर गोपेश्वर में हुई। स्टाफ ने मेहंदी से लेकर शादी तक के हर पल में खुशी-खुशी भाग लिया। पारंपरिक गीतों, मस्ती और अपनापन से भरी इस शादी ने सभी के दिलों में जगह बना ली। यह सिर्फ एक शादी नहीं, एक खूबसूरत सफर था ।

### विजय लक्ष्मी की पहाड़ों में रची सुंदर शादी



25 अप्रैल को लेबर रूम की स्टाफ नर्स विजय लक्ष्मी की शादी उनके गांव — रैन्स, नारायणबगड़, चमोली में हुई। पहाड़ों की ठंडी हवा और पारंपरिक माहौल ने शादी को और भी खास बना दिया। भले ही सभी साथी वहां मौजूद न हो पाए, लेकिन पूरे विभाग ने दिल से उन्हें शुभकामनाएं भेजीं ।

## स्वस्तिक डबराल का मुंडन संस्कार !



निधि, नर्सिंग इंचार्ज – जनरल वार्ड, के परिवार में हाल ही में एक सुखद अवसर आया! उनके बेटे स्वस्तिक डबराल का मुंडन संस्कार दिनांक 24 अप्रैल 2025 को संपन्न हुआ। यह उनके परिवार के लिए एक बेहद खास और यादगार पल था। छोटे स्वस्तिक को ढेरों शुभकामनाएँ —
वह स्वस्थ, खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़े!

## सोनम का खास दिन, साथियों के साथ !



6 अप्रैल का दिन आई विभाग में कुछ खास था — हमारी प्यारी सहयोगी सोनम का जन्मदिन! नर्सिंग टीम ने मिलकर छोटे से जश्न के साथ इसे यादगार बना दिया। ढेर सारी शुभकामनाओं, मुस्कुराहटों और स्वादिष्ट केक के साथ यह दिन एक खूबसूरत याद बन गया, जो दर्शाता है कि हम सिर्फ साथ काम ही नहीं करते — साथ जीते भी हैं।

## कोमल और राधे बहुगुणा की आध्यात्मिक सालगिरह !



22 अप्रैल को कोमल और राधे बहुगुणा ने अपनी शादी की सालगिरह को एक खास अंदाज़ में मनाया। उन्होंने माँ धारी देवी मंदिर जाकर अपने वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद लिया। प्रकृति की गोद में, श्रद्धा और शांति के बीच, उनका यह दिन सच्चे प्यार और आभार का प्रतीक बन गया।


शुभ चैत्र नवरात्रि
हरिद्वार, सतपुली, कोटद्वार

# Medical Facts and Trivia :

## DO YOU KNOW ?


1. **Your Brain can light a Light Bulb.** 
   The human brain operates on approximately 12 to 25 watts of powerabout the same as a low-wattage LED light bulb.

2. **You Can't Sneak a "Silent" Sneeze.**
   Sneezing is a reflex that involves the entire body, so it's impossible to sneeze completely silently. Your body expels air at speeds up to 100 mph! 

3. **The Liver is the Most Overworked Organ.**
   It filters out toxins, makes essential proteins, and plays a major role in digestion, all while being incredibly resilient to damage. 

4. **Your Eyes Can Distinguish Over 10 Million Colors.** 
   The human eye is incredibly sensitive, able to distinguish around 10 million different colors.

5. **Your Body Makes New Cells All the Time** 
   Your body is constantly creating new cells. In fact, every day, your body produces about 2 million red blood cells per second to replace old or damaged ones.




## MYTH

You Can Sweat Toxins Out of Your Body.

## FACT

**Sweating helps regulate body temperature, not detox your body. Sweat is made up of 99% water, plus small amounts of salt and other compounds. The actual detoxification process is handled by your liver, kidneys, and lungs, not your sweat glands.**

# WELCOME ABOARD

## Hans Hospital, Satpuli & Hans Hospital, Haridwar

### INTERNAL TRANSFER FROM HANS HARIDWAR TO HANS SATPULI



**Vimal Bhatt**
Operations
Hans Hospital, Satpuli

### NEW JOINEE



**Pawan Kumar**
Front Office & Billing
Hans Hospital, Satpuli



**Teena Negi**
Nursing
Hans Hospital, Satpuli



**Sakshi**
Nursing
Hans Hospital, Satpuli



**Dr. Randhir Kumar**
Medical Officer
Hans Hospital, Satpuli



**Dr. Anu Bharti**
Obs & Gynae
Hans Hospital, Satpuli

# Upcoming Events : Save the Dates

## Hans Hospital, Satpuli & Hans Hospital, Haridwar




**INTERNATIONAL NURSE DAY**

**12th May 2025**

On International Nurses Day, we salute the angels in scrubs whose care, compassion, and dedication make all the difference. Thank you for being the heart of healthcare, every single day!




**WORLD HYPERTENSION DAY**

**17th May 2025**

World Hypertension Day reminds us to take charge of our heart health — check your blood pressure, eat mindfully, and stay active. A healthy heart begins with awareness!

# Newsletter Contest

**It's an opportunity for employees who're reading this newsletter to answer the questions below and win interesting prizes.**

Q1. What services were provided at the Pauri health camp on April 22, 2025 ?

Q2. What surgery was performed on Hemant Singh at The Hans Hospital, Satpuli, and on which date ?

Q3. Who celebrated her daughter Tanushi's third birthday on April 18 2025 ?

Q4. Name the shining stars of this month ?

Q5. What surgery was performed on Ankit Bhatt at Hans Foundation Hospital, Satpuli, and who performed it?

Q6. How many surgeries did the General Surgery Department at Hans Foundation General Hospital, Satpuli perform in one month, and how many of them were laparoscopic?

Q7. Who were the new joinees at Hans Hospital, Satpuli, in the month of April 2025 ?

Q8. Which departments contributed the minimum OPD in April in Haridwar ?

Q9. What was the Pharmacy Conversion at Hans Hospital, Haridwar in April 2025 ?

Q10. Which staff members from Hans Hospital Satpuli got married in April 2025 ?

Send your answers to Ankita Khamba via-
Email: ankita.khamba@thfhospitals.org
WhatsApp: 73109 59029

The first two correct entries will be selected as the winners.
The winners will be announced the day after Reflections is published.

Winner of the last month newsletter contest - **Antima (Front Office) Haridwar**





# thank you!

**Remember,** this newsletter is a platform for us to connect, share, and celebrate the amazing work we do every day. If you have any suggestions, stories, or updates you'd like to see featured in future editions, please reach out to the newsletter team.

Thank you for your continued dedication and hard work. Together, we make a difference in the lives of our patients and our community.

Wishing you a fantastic May!

Best regards,


Garima Tripathi
Garima.tripathi@thfhospitals.org

Ankita Khamba
Ankita.khamba@thfhospitals.org

Vinit Jain
Vinit.jain@thfhospitals.org